# आपरेशन त्रिनेत्र: अपराधियों का काल बन, गुंडे बदमाशों पर पुलिस की तीसरी आंख कसेगी शिकंजा, एडीजी रमित शर्मा

## बोलें: 27 से 31 जनवरी तक जोन के सभी नौ जिलों में चल रहा है विशेष अभियान -आम लोगों से अच्छी तरह से पेश आए पुलिस

अर्ली मॉर्निंग ब्यूरो

बरेली। एडीजी बरेली ज़ोन रमित शर्मा एडीजी जोन रमित शर्मा ने बरेली ज़ोन के सभी जिलों के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए की आपरेशन त्रिनेत्र अपराधियों का काल बन, गुंडे बदमाशों पर पुलिस की तीसरी आंख कसेगी शिकंजा 27 से 31 जनवरी तक जोन के सभी नौ जिलों में चल रहा है विशेष अभियान एडीजी बरेली ज़ोन रमित शर्मा ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारी बरेली, बदायूं और मुरादाबाद, पीलीभीत, शाहजंहापुर, अमरोहा, बिजनौर, रामपुर और संभल के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनपद में जुलाई माह में अपराध नियंत्रण करने के उद्देश से लगाए गए सीसीटीवी कैमरों के उपयोग से पुलिस व्यवस्था बेहतर हुई थी। इसी के दृष्टिगत ज्यादा से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं और उनको कंट्रोल रुम से जोड़ा जाये। जिससे आवश्यकता पड़ने पर पुलिस को अपराधियों का डाटा और डिजिटल साक्ष्य संकलन में सहायता मिल सकेगी। 27 से 31 जनवरी तक जोन के सभी नौ जिलों में चल रहा है विशेष अभियानकंट्रोल रूम से सीधे कनेक्ट होंगे सीसीटीवी, ब्लैक स्पॉट किये जायेंगे चिन्हित28 दिसंबर, बरेली शासन की मंशा के अनुरुप डीजीपी उत्तर प्रदेश के निर्देश पर कानून व्यवस्था को और सुद्रढ़ बनाने के लिये बरेली जोन पुलिस लगातार काम कर रही है। गुंडे-माफियाओं के खिलाफ की जा रही कड़ी कार्रवाई के क्रम में



बरेली जोन पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र को लेकर एक विशेष अभियान शुरू कर दिया है। इस ऑपरेशन के जरिए पुलिस हत्या, लूट व डकैती समेत कई गंभीर घटनाओं को अंजाम देने वाले अपराधियों की धर पकड़ को और तेजी से करेगी। एडीजी जोन रमित शर्मा के निर्देश पर बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, अमरोहा एवं बिजनौर में 27 दिसंबर से 31 जनवरी तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में जनपद में अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाये जायेंगे। उनको कंट्रोल रुम से सीधे जोड़ा जायेगा। जिले में ब्लैक स्पॉट भी चिन्हित किए जाएंगे तथा उन सभी ब्लैक स्पॉट पर भी सीसीटीवी कैमरे लगाये जायेंगे। जहां सीसीटीवी कैमरे खराब हैं उनका सत्यापन कर वहां नये कैमरे लगाये जायेंगे। एडीजी जोन रमित शर्मा ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली, बदायूं और मुरादाबाद व पुलिस अधीक्षक पीलीभीत, शाहजंहापुर, अमरोहा, बिजनौर, रामपुर और संभल को निर्देश देते हुए कहा कि जनपद में जुलाई माह में अपराध नियंत्रण करने के उद्देश से लगाए गए सीसीटीवी कैमरों के उपयोग से पुलिस व्यवस्था बेहतर हुई थी। इसी के दृष्टिगत ज्यादा से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं और उनको कंट्रोल रुम से जोड़ा जाये। जिससे आवश्यकता पड़ने पर पुलिस को अपराधियों का डाटा और डिजिटल साक्ष्य संकलन में सहायता मिल सकेगी। एडीजी जोन रमित शर्मा ने निर्देशित करते हुए कहा कि आम जनमानस के बीच पुलिस का व्यवहार मित्रवत होना चाहिये। पुलिस उनसे शालीनता से बर्ताव करे। उनका आचरण और कार्य उच्च कोटि का होना चहिये। जिससे लोग बिना भयभीत हुये उनसे सीधे जुड़ सकें। लोग पुलिस के पास जाने से न कतराएं। अपनी बात को निर्भीकता से कह सकें। समाज के सभी वर्गों के लोगों के बीच जाकर पुलिसजन अपना संवाद स्थापित करें। जिससे पुलिस को अपराधियों और समाज विरोधी कृत्य करने वालों के बारे में जानकारी मिल सके।

हिन्दुस्तान जनपद बरेली दिनॉक 29.12.2024

# ऑपरेशन त्रिनेत्र : कंट्रोल रूम से जुड़ेंगे सीसीटीवी

- ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत कंट्रोल रूम से कनेक्ट होंगे सीसीटीवी
- 27 से 31 जनवरी तक सभी नौ जिलों में एडीजी ने शुरु कराया अभियान

बरेली, वरिष्ठ संवाददाता। कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत शहर के सभी सीसीटीवी कैमरों को कंट्रोल रूम से जोड़ा जाएगा। इसके लिए एडीजी रमित शर्मा ने 27 से 31 जनवरी तक विशेष अभियान शुरू कराया है।

गुंडे-माफियाओं के खिलाफ की जा रही कड़ी कार्रवाई के क्रम में बरेली जोन पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र को लेकर एक विशेष अभियान शुरू कर दिया है। इस ऑपरेशन के जरिए पुलिस हत्या, लूट व डकैती समेत कई गंभीर घटनाओं को अंजाम देने वाले अपराधियों की धर पकड़ को और तेजी से करेगी। एडीजी जोन रमित शर्मा के निर्देश पर बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, अमरोहा एवं बिजनौर में 27 दिसंबर से 31 जनवरी तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में जनपद में अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाये जाएंगे। उनको कंट्रोल रूम से सीधे जोड़ा जाएगा। ब्लैक स्पॉट भी चिन्हित किए जाएंगे और उन सभी ब्लैक स्पॉट पर भी सीसीटीवी कैमरे लगाये जायेंगे। जहां सीसीटीवी कैमरे खराब हैं, सत्यापन कर वहां नये कैमरे लगाए जाएंगे।

दैनिक जागरण जनपद बरेली दिनॉक 29.12.2024

# तीसरी नजर की 'गिरफ्त' में होंगे अपराधी, बनी व्यवस्था

जागरण संवाददाता, बरेली : गुंडे-माफियाओं पर नकेल कसने के लिए डीजीपी के निर्देश पर बरेली जोन पुलिस ने आपरेशन त्रिनेत्र को लेकर विशेष अभियान शुरू किया है। इस आपरेशन के जरिए पुलिस हत्या, लूट व डकैती समेत कई गंभीर घटनाओं को अंजाम देने वाले अपराधियों की धर पकड़ को और तेजी से करेगी। एडीजी जोन रमित शर्मा के निर्देश पर बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, अमरोहा एवं बिजनौर में 27 दिसंबर से 31 जनवरी तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में जनपद में अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। उनको कंट्रोल रूम से सीधे जोड़ा जाएगा। जिले में ब्लैक स्पाट भी चिह्नित किए जाएंगे और उन सभी ब्लैक स्पाट पर भी सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। जहां सीसीटीवी कैमरे खराब हैं उनका सत्यापन कर वहां नये कैमरे लगाए जाएंगे।

**जोन के सभी जनपद प्रभारियों को दिए गए निर्देश** : एडीजी जोन रमित शर्मा ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली, बदायूं और मुरादाबाद व पुलिस अधीक्षक पीलीभीत, शाहजंहापुर, अमरोहा, बिजनौर, रामपुर और संभल से कहा कि जुलाई में अपराध नियंत्रण करने के उद्देश्य से लगाए गए सीसीटीवी कैमरों के उपयोग से पुलिस व्यवस्था बेहतर हुई थी। इसी के दृष्टिगत ज्यादा से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं और

## एडीजी जोन ने आपरेशन त्रिनेत्र पर किया फोकस, कंट्रोल रूम से सीधे कनेक्ट होंगे सीसीटीवी, ब्लैक स्पाट किए जाएंगे चिह्नित




रमित शर्मा, एडीजी • जागरण आर्काइव

उनको कंट्रोल रूम से जोड़ा जाए, जिससे आवश्यकता पड़ने पर पुलिस को अपराधियों का डाटा और डिजिटल साक्ष्य संकलन में सहायता मिल सकेगी।

**आम लोगों से अच्छी तरह से पेश आए पुलिस** : एडीजी जोन रमित शर्मा ने अधिकारियों से आम जनमानस के बीच पुलिस का व्यवहार मित्रवत रखने के निर्देश दिए। कहा, पुलिस उनसे शालीनता से बर्ताव करे। उनका आचरण और कार्य उच्च कोटि का होना चहिए, जिससे लोग बिना भयभीत हुए उनसे सीधे जुड़ सकें। लोग पुलिस के पास जाने से न कतराएं। अपनी बात को निर्भीकता से कह सकें। कहा कि समाज के सभी वर्गों के लोगों के बीच जाकर पुलिस अपना संवाद स्थापित करें जिससे पुलिस को अपराधियों और समाज विरोधी कृत्य करने वालों के बारे में जानकारी मिल सके।

## अमर उजाला जनपद बरेली दिनॉक 29.12.2024

### ब्लैक स्पॉट पर लगवाएं सीसीटीवी कैमरे : एडीजी

**बरेली।** अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा ने बरेली ने जोन के सभी जिला प्रभारियों को 27 दिसंबर से 31 जनवरी तक विशेष अभियान चलाकर अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिए। इन कैमरों को कंट्रोल रूम से जोड़ा जाएगा। साथ ही जिले में ब्लैक स्पॉट चिह्नित करने के साथ ही यहां भी कैमरे लगवाने के लिए कहा। उन्होंने आम लोगों के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार रखने के निर्देश दिए। संवाद

## अमृत विचार जनपद बरेली दिनॉक 29.12.2024

### अपराधियों पर नकेल कसने के लिए एडीजी ने शुरू किया आपरेशन त्रिनेत्र

- जोन के सभी जिलों में की गई व्यवस्था, कंट्रोल रूम से जोड़े गए सीसीटीवी कैमरे

बरेली, अमृत विचार : अपराधियों पर नकेल कसने के लिए एडीजी रमित शर्मा ने जोन के सभी जिलों में आपरेशन त्रिनेत्र शुरू किया है। इसके तहत अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगवाकर पुलिस कंट्रोल रूम से जोड़े जाएंगे ताकि पुलिस को हत्या, लूट, डकैती, छिनौती समेत अन्य घटनाओं को करने वाले आरोपियों को पकड़ने में मदद मिले। 27 दिसंबर से शुरू हुआ अभियान 31 जनवरी तक चलेगा।

एडीजी ने बताया कि अभियान बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, अमरोहा एवं बिजनौर में चलाया जा रहा है। इस अभियान में जिलों में अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे और उन्हें कंट्रोल रूम से सीधे जोड़ा जाएगा। जिले में ब्लैक स्पॉट भी चिह्नित किए जाएंगे और उन सभी ब्लैक स्पॉट पर भी सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। जहां सीसीटीवी कैमरे खराब हैं, वहां नए लगाए जाएंगे। एडीजी ने जोन के सभी थानों के प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने थाना क्षेत्र में अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगवाएं।

उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारी, थाना प्रभारी, चौकी इंचार्ज, हल्का इंचार्ज, मुख्य आरक्षी और आरक्षी लोगों से संवाद स्थापित करें, जिससे लोगों के मन से पुलिस को अपराधियों की जानकारी मिल सके।

# गिरफ्त में होंगे अपराधी, कंट्रोल रूम से जुड़ेंगे सीसीटीवी कैमरे

**एडीजी जोन रमित शर्मा ने सभी जिलों में आपरेशन त्रिनेत्र पर किया फोकस**

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (28 Dec):** गुंडे-माफियाओं पर नकेल कसने के लिए डीजीपी के निर्देश पर बरेली जोन पुलिस ने आपरेशन त्रिनेत्र को लेकर विशेष अभियान शुरू किया है. इस आपरेशन के जरिए पुलिस हत्या, लूट व डकैती समेत कई गंभीर घटनाओं को अंजाम देने वाले अपराधियों की धर पकड़ को और तेजी से करेगी. एडीजी जोन रमित शर्मा के निर्देश पर बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, अमरोहा एवं बिजनौर में 27 दिसंबर से 31 जनवरी तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है. इस अभियान में जनपद में अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे. उनको कंट्रोल रूम से सीधे जोड़ा जाएगा. जिले में ब्लैक स्पाट भी चिह्नित किए जाएंगे और उन सभी ब्लैक स्पाट पर भी सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे. जहां सीसीटीवी कैमरे खराब हैं उनका सत्यापन कर वहां नये कैमरे लगाए जाएंगे.

## आम लोगों से अच्छी तरह से पेश आए पुलिस

एडीजी जोन रमित शर्मा ने अधिकारियों से आम जनमानस के बीच पुलिस का व्यवहार मित्रवत रखने के निर्देश दिए. कहा, पुलिस उनसे शालीनता से बर्ताव करे. उनका आचरण औरर कार्य उच्च कोटि का होना चहिए, जिससे लोग बिना भयभीत हुए उनसे सीधे जुड़ सकें. लोग पुलिस के पास जाने से न कतराएं. अपनी बात को निर्भीकता से कह सकें. समाज के सभी वर्गों के लोगों के बीच जाकर पुलिस अपना संवाद स्थापित करें जिससे पुलिस को अपराधियों और समाज विरोधी कृत्य करने वालों के बारे में जानकारी मिल सके.

## दिए गए निर्देश

एडीजी जोन रमित शर्मा ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली, बदायूं और मुरादाबाद व पुलिस अधीक्षक पीलीभीत, शाहजंहापुर, अमरोहा, बिजनौर, रामपुर और संभल से कहा कि जुलाई में अपराध नियंत्रण करने के उद्देश्य से लगाए गए सीसीटीवी कैमरों के उपयोग से पुलिस व्यवस्था बेहतर हुई थी. इसी के दृष्टिगत ज्यादा से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं और उनको कंट्रोल रूम से जोड़ा जाए, अपराधियों का डाटा और डिजिटल साक्ष्य संकलन में हेल्प मिल सकेगी.

**27 दिसंबर से 31 जनवरी तक सभी नौ जिलों में चल रहा है विशेष अभियान**

# ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान के अन्तर्गत पुलिस की रहेगी पैनी नजर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने और अपराधियों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। जिसमें ऑपरेशन को त्रिनेत्र नाम दिया है। इसी कड़ी में एडीजी रमित शर्मा ने विभिन्न जिलों को निर्देशित किया है कि 27 दिसंबर से 31 दिसंबर 2025 तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिसमें जनपद भर के सीसीटीवी कैमरों के सत्यापन एवं उनको क्रियाशील किया जाएगा। ब्लैक स्पॉट्स पर नए कैमरे लगाए जाएंगे। इसके अलावा लगाए गए कैमरा को अधिक से अधिक संख्या में कंट्रोल रूम से लिंक किया जाएगा। जिससे भविष्य में होने वाले अपराध और अपराधियों पर नकेल कसी जा सकेगी। अभियान के दौरान जिले भर में लगाए गए सभी सीसीटीवी कैमरे का सत्यापन कर सुनिश्चित किया जाएगा कि कैमरे क्रियाशील स्थिति में है या नहीं। अगर कैमरे क्रियाशील नहीं है तो जनसंयोग प्राप्त करके उनको क्रियाशील कराया जाएगा। जिससे अधिक से अधिक कैमरों को कंट्रोल रूम से लिंक किया जा सके। वहीं एडीजी ने यह भी निर्देशित किया है कि ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान के दौरान पुलिस कर्मियों द्वारा जनता के साथ मधुर व्यवहार किया जाए।

आसमां तक जनपद बरेली दिनॉक 29.12.2024

# न्यू ईयर जश्न की आड़ में गुंडई व हर्ष फायरिंग हुई तो जिम्मेदारों पर एक्शन तय-डीजी

## यूपी के 9 जिलों में ऑपरेशन त्रिनेत्र को लेकर 36 दिवसीय विशेष अभियान



**आसमां तक रिपोर्टर**

**बरेली।** ऑपरेशन काला गुलाब चलाने को लेकर मीडिया सुर्खियों में रह चुके यूपी के अति संवेदनशील बरेली जोन के एडीजी रमित शर्मा डीजीपी प्रशांत कुमार की वीसी के अगले ही दिन से एक्शनमोड में हैं। एडीजी ने मुरादाबाद मंडल व बरेली परिक्षेत्र प्रमुखों को पत्र लिख 31 दिसंबर 2024 के विदाई कार्यक्रमों व फर्स्ट जनवरी 2025 न्यू ईयर आयोजनों पर कड़े सुरक्षा बंदोबस्त करने के निर्देश दिए हैं। संभल, पीलीभीत, बदायूँ, मुरादाबाद, बरेली, बिजनौर, अमरोहा, रामपुर, शाहजहाँपुर के जिम्मेदारों को सख्त निर्देश देते हुए कहा गया है कि विभिन्न होटलों, क्लबों, मनोरंजन ग्रहों, बार, रेस्टोरेंट्स के साथ ही अन्य आयोजन स्थलों पर टॉप लेवल सुरक्षा व्यवस्था हो। न्यू ईयर जश्न की आड़ में गुंडई, अश्लीलता, स्टंटबाजी, हर्ष फायरिंग हुई तो जिम्मेदारों पर एक्शन होगा। सभी आयोजन स्थलों के साथ ही सार्वजनिक जगहों व बीच सड़क कोई हुड़दंग, अराजकता, छेड़खानी, स्नैचिंग, रेश ड्राइविंग ना होने पाये। मुख्य बाजारों, रेलवे स्टेशनों, रोडवेज बस अड्डों, टैक्सी स्टैंड्स, सूनसान इलाकों, सभी हॉट स्पॉट्स पर पर्याप्त पुलिस प्रबंध हो। प्रमुख बाजारों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में खुद सम्बंधित अफसर फुट पेट्रोलिंग करें। संदिग्धों पर नजर रखने को विशेष चेकिंग अभियान चले। मदिरापान कर वाहन चलाने वालों की ब्रीथ एनेलाइजर से चेकिंग हो। दस बिन्दुओं पर एडवाइजरी जारी करते हुए एडीजी ने ये भी निर्देश दिए हैं कि विशेष चेकिंग अभियान के दौरान कहीं भी आम जनमानस से कोई अभद्रता ना हो। इसी के साथ एडीजी रमित शर्मा ने डीजीपी प्रशांत कुमार के निर्देशों के अनुपालन में जोनभर में ऑपरेशन त्रिनेत्र सफल बनाने को 36 दिवसीय विशेष अभियान शुरू किया है। ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत सभी जिम्मेदारों को निर्देश दिए गए हैं कि अपने इलाकों में सीसीटीवी कैमरों का पूरी तरह सत्यापन करा लें। देख लें कि कैमरे क्रियाशील यानी चालू हालत में हैं भी या नहीं। ब्लैक स्पॉट्स पर नए सीसीटीवी कैमरे लगवाये जायें। लगवाये गए आधिकाधिक कैमरों को कंट्रोल रूम से लिंक करायें। 27 दिसंबर 2024 से लेकर 31 जनवरी 2025 तक चलने वाले अभियान के दौरान की कार्रवाई का पूरा ब्यौरा पहली फरवरी 2025 तक एडीजी ने तलब किया है।

## युवा हस्ताक्षर जनपद बरेली दिनॉक 29.12.2024

# न्यू ईयर जश्न की आड़ में गुंडई व हर्ष फायरिंग हुई तो जिम्मेदारों पर एक्शन तय-डीजी

## यूपी के 9 जिलों में ऑपरेशन त्रिनेत्र को लेकर 36 दिवसीय विशेष अभियान



**युवा हस्ताक्षर रिपोर्टर**

**बरेली।** ऑपरेशन काला गुलाब चलाने को लेकर मीडिया सुर्खियों में रह चुके यूपी के अति संवेदनशील बरेली जोन के एडीजी रमित शर्मा डीजीपी प्रशांत कुमार की वीसी के अगले ही दिन से एक्शनमोड में हैं। एडीजी ने मुरादाबाद मंडल व बरेली परिक्षेत्र प्रमुखों को पत्र लिख 31 दिसंबर 2024 के विदाई कार्यक्रमों व फर्स्ट जनवरी 2025 न्यू ईयर आयोजनों पर कड़े सुरक्षा बंदोबस्त करने के निर्देश दिए हैं। संभल, पीलीभीत, बदायूँ, मुरादाबाद, बरेली, बिजनौर, अमरोहा, रामपुर, शाहजहाँपुर के जिम्मेदारों को सख्त निर्देश देते हुए कहा गया है कि विभिन्न होटलों, क्लबों, मनोरंजन ग्रहों, बार, रेस्टोरेंट्स के साथ ही अन्य आयोजन स्थलों पर टॉप लेवल सुरक्षा व्यवस्था हो। न्यू ईयर जश्न की आड़ में गुंडई, अश्लीलता, स्टंटबाजी, हर्ष फायरिंग हुई तो जिम्मेदारों पर एक्शन होगा। सभी आयोजन स्थलों के साथ ही सार्वजनिक जगहों व बीच सड़क कोई हुड़दंग, अराजकता, छेड़खानी, स्नैचिंग, रेश ड्राइविंग ना होने पाये। मुख्य बाजारों, रेलवे स्टेशनों, रोडवेज बस अड्डों, टैक्सी स्टैंड्स, सूनसान इलाकों, सभी हॉट स्पॉट्स पर पर्याप्त पुलिस प्रबंध हो। प्रमुख बाजारों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में खुद सम्बंधित अफसर फुट पेट्रोलिंग करें। संदिग्धों पर नजर रखने को विशेष चेकिंग अभियान चले। मदिरापान कर वाहन चलाने वालों की ब्रीथ एनेलाइजर से चेकिंग हो। दस बिन्दुओं पर एडवाइजरी जारी करते हुए एडीजी ने ये भी निर्देश दिए हैं कि विशेष चेकिंग अभियान के दौरान कहीं भी आम जनमानस से कोई अभद्रता ना हो। इसी के साथ एडीजी रमित शर्मा ने डीजीपी प्रशांत कुमार के निर्देशों के अनुपालन में जोनभर में ऑपरेशन त्रिनेत्र सफल बनाने को 36 दिवसीय विशेष अभियान शुरू किया है। ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत सभी जिम्मेदारों को निर्देश दिए गए हैं कि अपने इलाकों में सीसीटीवी कैमरों का पूरी तरह सत्यापन करा लें। देख लें कि कैमरे क्रियाशील यानी चालू हालत में हैं भी या नहीं। ब्लैक स्पॉट्स पर नए सीसीटीवी कैमरे लगवाये जायें। लगवाये गए आधिकाधिक कैमरों को कंट्रोल रूम से लिंक करायें। 27 दिसंबर 2024 से लेकर 31 जनवरी 2025 तक चलने वाले अभियान के दौरान की कार्रवाई का पूरा ब्यौरा पहली फरवरी 2025 तक एडीजी ने तलब किया है।